# मां बगलामुखी धाम में 11 से 21 फरवरी तक 243 घंटे का होगा अखंड महायज्ञ







पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ को लेकर महंत प्रवीण और सेवादार श्रद्धालुओं को आमंत्रित करते हुए, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्ति। -समर न्यूज़

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन महंत प्रवीण के सानिध्य में 11 फरवरी से 21 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा। देश भर में बैठे लाखों भक्त, राजनितिक, सामाजिक, धार्मिक प्रतिनिधियों को अखंड महायज्ञ के लिए निमंत्रण भेंट किए जा रहे है। इसी कड़ी के तहत मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण मां बगलामुखी के अन्नय भक्त सेवादार व पूर्व आईएएस मनप्रीत छतवाल ने लोगों से अपील कर कहा कि 243 घंटे के अखंड महायज्ञ में परिवार सहित सम्मिलित होने का सुअवसर मिलेगा। उन्होने मां बगलामुखी में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ को सुख व शांति का प्रतीक बताते हुए कहा कि महायज्ञ में जो भी भक्त सच्चे मन से आहुतियां डालते हैं मां उनके मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

इसलिए इस महायज्ञ में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। महंत प्रवीण कहा कि 11 फरवरी, 2026 से अखंड महायज्ञ शुभारंभ होगा वही अखंड महायज्ञ की पूर्णाहुति 21 फरवरी को डाली जाएगी। अखंड महायज्ञ के दौरान संत समाज प्रवचनो के माध्यम से विशेषतौर पर उपस्थित होकर मां बगलामुखी की महिमा का गुणगान करेगा। मां बगलामुखी धाम के सेवक मनप्रीत छतवाल ने कहा कि अखंड महायज्ञ के प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। धाम के सेवक अधिक से अधिक परिवारों को धाम के साथ जोड़ कर उन्हें अखंड महायज्ञ के निमंत्रण प्रदान कर रहे है।

मां बगलामुखी धाम के संकीर्तन मंडल ने मां बगलामुखी की स्तुति में भजन प्रस्तुत कर भाव विभोर किया। धाम के सेवकों ने भक्तों को मां भगवती के चरण स्पर्श से तैयार चरणामृत व मां को अर्पित अनेक प्रकार व्यंजनो का भोग प्रसाद वितरित किया। महंत प्रवीण जी ने मां बगलामुखी यज्ञ की महत्वता बताते हुए कहा कि मां की अराधना करने से मां बगलामुखी के भक्त मां से कार्य सिद्ध होने का वरदान पाते हैं। मां बगलामुखी के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता। मां बगलामुखी पर भक्तों का यही अटूट विश्वास भक्त की मनोकामना पूरी करने में सहायक होता है। अजय जैन ने कहा कि अखंड महायज्ञ के दौरान 10 दिन लगातार धाम में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जय गा 2025 में महायज्ञ के दौरान 2500 से ज्यादा भक्तों से खून देकर पुण्य के भागी बने इस वर यह आंकड़ा इससे भी पार जाएगा। इस बार नेत्र दान ओर भी बॉडी पार्ट दान का कैंप लगाया जाएगा। इस अवसर पर एसीपी सुमित सूद, रिंकल बेदी काकू, गुरप्रीत कौर समर, अर्यान जोशी, नितेश गर्ग, अभिषेक चौपड़ा, दीपांशु शर्मा, अंकित पराशर, अमनदीप सिंह, नवीन शर्मा आदि मौजूद थे।

## ठंड और धूप का खूबसूरत संगम



शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को लुधियाना का मौसम खुशनुमा रहा धूप खिली रही। फोटो लक्की भट्टी -समर न्यूज़

# कैनाल आधारित जलापूर्ति परियोजना को रफ्तार, 11 महीनों में 22% काम पूरा

### फरवरी 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य, खोदी सड़कों की 20 दिन में मरम्मत के आदेश

लक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना शहर को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल के तहत चल रही कैनाल आधारित जलापूर्ति परियोजना में तेज़ी से प्रगति दर्ज की गई है। शुक्रवार को नगर निगम ज़ोन-डी कार्यालय, सराभा नगर में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि परियोजना शुरू होने के महज 11 महीनों में 22 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा कर लिया गया है।



मेयर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। -समर न्यूज़

मेयर ने इसे शहर के लिए अहम उपलब्धि बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

खुदी सड़कों पर सख्ती, लोगों को राहत देने के निर्देश–बैठक में मेयर इंदरजीत कौर ने शहरवासियों की असुविधा का मुद्दा गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति लाइन बिछाने के दौरान जिन सड़कों की खुदाई हुई है, उन्हें 20 दिनों के भीतर मोटर योग्य बनाया जाए। साथ ही मौसम अनुकूल होते ही पैचवर्क तुरंत कराने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी खुदी सड़कों की मरम्मत में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**▪ ओवरहेड टैंक और वर्ल्ड क्लास के कार्यों की भी समीक्षा–** मेयर ने शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए जा रहे ओवरहेड वाटर रिज़र्वायर और साहनेवाल के पास बिलगा गांव में निर्माणाधीन वर्ल्ड क्लास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों को इन कार्यों में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

**▪ 1305 करोड़ की परियोजना, 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य–** यह परियोजना पंजाब सरकार की फ्लैगशिप योजना है, जिसे नगर निगम लुधियाना द्वारा पंजाब म्यूनिसिपल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी के तकनीकी सहयोग से लागू किया जा रहा है। परियोजना का पहला चरण 1305 करोड़ रुपये (सिविल लागत) का है और इसे फरवरी 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना को वर्ल्ड बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित किया जा रहा है।

**▪ सुरक्षा और जन-जागरूकता पर विशेष ध्यान–** मेयर ने बताया कि परियोजना स्थलों पर सख्त सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही परियोजना की सोशल और कम्युनिकेशन यूनिट द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान, जनसंवाद और आउटरीच गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

**हर पखवाड़े होगी प्रगति की समीक्षा**
मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए अब हर 15 दिन में समीक्षा बैठक की जाएगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।
बैठक में जॉइंट कमिश्नर विनीता कुमार, हरप्रीत सिंह, शाम लाल गुप्ता व पारुल गोयल, कार्यकारी अभियंता बलविंदर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर अमित सिंह सहित नगर निगम की बी एंड आर शाखा, ओ एंड एम सेल और लुधियाना अर्बन वाटर एंड वेस्टवॉटर मैनेजमेंट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### सिधवां बेट अस्पताल में विजिलेंस की रेड

## एसएमओ और क्लर्क रिश्वत लेते गिरफ्तार

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के कस्बा सिधवां बेट स्थित सरकारी अस्पताल में विजिलेंस विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी कर एसएमओ और एक सहायक क्लर्क को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, सिधवां बेट अस्पताल की एसएमओ हरकीरत गिल पर आरोप है कि उन्होंने अस्पताल के अधीन आने वाली लगभग 25 डिस्पेंसरियों में तैनात करीब 125 कर्मचारियों से ऑडिट के नाम पर अवैध वसूली शुरू कर रखी थी। बताया जा रहा है कि इस अवैध वसूली से परेशान एक कर्मचारी ने गांव के सरपंच पति बलकार सिंह से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद यह मामला आम आदमी पार्टी के नेता केएस कंग तक पहुंचा। कंग ने इसे गंभीर मानते हुए विजिलेंस विभाग को सूचना दी। विजिलेंस टीम ने पूरी योजना के तहत जाल बिछाया। पाउडर लगे नोट भेजे गए। जैसे ही सहायक क्लर्क सतविंदर सिंह ने पैसे लेकर एसएमओ हरकीरत गिल को सौंपे, वैसे ही विजिलेंस टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

## असीम बने लुधियाना जिला रूरल बीजेपी युवा मोर्चा के नए अध्यक्ष



समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना जिला रूरल के बीजेपी युवा मोर्चा रूरल के नए अध्यक्ष के रूप में असीम कक्कड़ को चुना गया। गगनदीप सनी कैथ की अध्यक्षता वाली इस मीटिंग में पार्टी के देहाती कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। असीम कक्कड़ की नियुक्ति को पार्टी के ग्रामीण स्तर पर मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह निर्णय जिला रूरल इकाई को नई ऊर्जा देगा। सनी कैथ लुधियाना जिला देहाती के प्रमुख नेता हैं, जिन्हें पहले भी विभिन्न आयोजनों में सक्रिय देखा गया है।

असीम कक्कड़ युवा मोर्चा के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखते हैं। यह नियुक्ति स्थानीय स्तर पर बीजेपी की रणनीति को मजबूत करेगी।

### लुधियाना में पुलिस की सख्त कार्रवाई, शहर में अपराध पर नकेल

## तीन मामलों में पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में नशे और अपराध के खिलाफ पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में नशा तस्करों और नशा करने वालों के खिलाफ अभियान और तेज़ किया जाएगा।

**▪ सरकारी स्कूल के बाहर 60 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार–** थाना बस्ती जोधेवाल के अधीन पड़ते इलाके सरकारी स्कूल काकोवाल के बाहर जांच के दौरान पुलिस ने एक युवक को 60 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। जांच अधिकारी हरचरण सिंह ने शक के आधार पर युवक को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से हेरोइन बरामद हुई।



जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी। -समर न्यूज़

आरोपी की पहचान सुनील कुमार पुत्र विष्णु ठाकुर, निवासी गोल्डन विहार कॉलोनी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है कि वह हेरोइन कहां से लेकर आया था और किसे सप्लाई करनी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**▪ चोरी के मोबाइल बेचने जा रहे दो आरोपी काबू–** थाना दरेसी के अधीन दौलत कॉलोनी सर्विस रोड पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को चोरी के मोबाइल फोन बेचने जाते हुए गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों को रोककर तलाशी लेने पर उनके पास से अलग-अलग कंपनियों के चार मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (नंबर PB-10 HR-5986) पर सवार थे। उनकी पहचान राहुल कुमार पुत्र राजेश कुमार और सुमित कुमार पुत्र अनिल कुमार, निवासी अशोक नगर, लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

**नशा करते युवक को रंगे हाथों पकड़ा–** थाना लाडोवाल के अधीन भोरा साहेब गुरुद्वारा रोड गोसपुर की ओर जाते रास्ते पर पुलिस ने सड़क किनारे बैठे एक नशेड़ी को नशा करते हुए काबू किया है। जांच अधिकारी हरदीप सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से एक लाइटर, 10 रुपये का नोट और नशे की पुड़िया बरामद हुई है।

आरोपी की पहचान जसप्रीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह, निवासी हम्बड़ा, लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### वेरका मिल्क प्लांट में गबन का मामला

## यूनियन इंचार्ज पर 8.62 लाख हड़पने का आरोप

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में वेरका मिल्क प्लांट यूनियन के इंचार्ज पर लाखों रुपए डकारने के गंभीर आरोप लगे है। मिल्क प्लांट के जनरल मैनेजर की ओर से पुलिस को दी गई। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी राजिंदर सिंह, लुधियाना मिल्क प्लांट में बतौर मिल्क बार इंचार्ज तैनात था।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी राजिंदर सिंह के पास मिल्क बार से रोजाना होने वाली दूध और डेयरी उत्पादों की बिक्री का कैश संभालने की जिम्मेदारी थी। उसे नियमानुसार यह राशि रोजाना लेखा शाखा में जमा करवानी होती थी। लेकिन, अपनी जिम्मेदारी को न निभाते हुए आरोपी ने करीब 8 लाख 62 हजार 849 रुपए यूनियन के खाते में जमा करवाने के बजाय खुद खुर्द-बुर्द कर ली। जब विभाग को इस बड़ी गड़बड़ी का पता चला, तो मामले की जांच की गई, जिसमें खुलासा हुआ कि इंचार्ज ने संस्थान के साथ विश्वासघात किया है।

**जनरल मैनेजर की शिकायत पर हुई कार्रवाई**

जनरल मैनेजर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना सराभा नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह गबन पिछले कितने समय से चल रहा था और क्या इसमें कोई और भी शामिल है।

**चर्चा** पंजाब के युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने और स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने पर चर्चा

## सुखविंदर बिंद्रा ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

सुखविंदर सिंह बिंद्रा, मेंबर (NISD) एवं स्पेशल मेंबर/इनवाइट (NCCDR), मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट, भारत सरकार, ने दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। बैठक में पंजाब केंद्रित सोशल डेवलपमेंट कार्यक्रमों, युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने और उन्हें खेलों से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा हुई।

बिंद्रा ने बताया कि उनका विभाग युवाओं की भलाई और नशामुक्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने ड्रग्स के दुरुपयोग को रोकने में यूथ एम्पावरमेंट और अवेयरनेस प्रोग्राम की अहम भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पंजाब के यूथ क्लबों को युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए 'स्पोर्ट्स किट' उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 18 नवंबर 2025 को गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में ड्रग-फ्री इंडिया कैंपेन के तहत एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें 10,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। गौरतलब है कि सुखविंदर सिंह बिंद्रा पूर्व में पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के स्टेट चेयरपर्सन रह चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने युवाओं को ड्रग्स से दूर रखने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावी पहल की थीं। अंत में बिंद्रा ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार का युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार जताया।




केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार को फूलो का गुलदस्ता भेंट कर मुलाकात करते सुखविंदर सिंह बिंद्रा। -समर न्यूज़

## होंद चिल्लड़ में 3 फरवरी को शहीदों की अरदास

समर न्यूज़ | लुधियाना

होंद चिल्लड़-वह नाम जो 1984 के नरसंहार की दर्दनाक यादें आज भी ताज़ा कर देता है। एक बार फिर इंसाफ़ की मांग के साथ चर्चा में है। जहां 32 निर्दोष सिखों की निर्मम हत्या कर दी गई थी, उसी धरती पर 3 फरवरी को सुबह 10 बजे शहीदों की स्मृति में गुरबाणी पाठ और अरदास की जाएगी।



**मनविंदर सिंह**

पायल हलके के विधायक और होंद चिल्लड़ तालमेल कमेटी के प्रधान इंजीनियर मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने कहा कि दशकों बीत जाने के बावजूद पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला है। उन्होंने इसे इंसानियत पर हमला बताते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान उन स्थानों को लोगों के सामने लाया जाएगा, जहां अत्याचार हुए थे।

## समराला ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को हेलमेट वितरित किए

समर न्यूज़ | लुधियाना

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीने के तहत समराला ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने के बारे में जानकारी दी। इस अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें बिना हेलमेट वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट पहनने से दुर्घटना के समय सिर में गंभीर चोट से बचाव संभव है। इसके अलावा रात के समय भारी वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रक और अन्य बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, जिससे पीछे से आने वाले वाहनों को समय रहते संकेत मिल सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गति सीमा का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें। इस तरह के जागरूकता अभियानों से सड़क हादसों में निश्चित रूप से कमी लाई जा सकती है।

## सिख युवक से मारपीट मामले में एफआईआर

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में एक सिख युवक टैक्सी चालक रणजोत सिंह से पुलिस चौकी में कथित मारपीट के मामले में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज के सख्त संज्ञान लेने के बाद कार्रवाई तेज हो गई है। लुधियाना के डिवीजन-8 थाने में पुलिस कर्मचारियों और युवक से दुर्व्यवहार व सिख धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोपियों के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। घटना की वीडियो सामने आने और परिवार द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने के बाद जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा से बातचीत कर सख्त कार्रवाई के लिए कहा था। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 146